हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 24 मार्च 2026


तापमान

अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री


4 किसानों ने विद्युत विभाग की निकाली शव यात्रा, लो वोल्टेज से हैं परेशान




[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]

## खबर संक्षेप

### छात्रवृत्तिः ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ

**रायगढ़।** जिले में संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई संस्थानों के प्राचार्यों, संस्था प्रमुखों तथा छात्रवृत्ति प्रभारियों को सूचित किया जाता है कि उनके संस्थानों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के वे विद्यार्थीए जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए पात्र हैंए वे शिक्षा सत्र 2025-26 हेतु ऑनलाइन आवेदन वेबसाईट कर सकते हैं। विभाग द्वारा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के अंतर्गत कक्षा 12वीं से उच्चतर कक्षाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए पंजीयन, आवेदन, सत्यापन, स्वीकृति एवं छात्रवृत्ति वितरण की संपूर्ण प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से निर्धारित पोर्टल पर संचालित की जा रही है। सभी संबंधित संस्था प्रमुखों एवं छात्रवृत्ति प्रभारियों को निर्देशित किया जाता है कि वे पात्र विद्यार्थियों का समय पर पंजीयन एवं आवेदन सुनिश्चित कराएंए ताकि किसी भी विद्यार्थी को छात्रवृत्ति से वंचित न होना पड़े।

### रेलवे लाइन की जद में आ रही जमीन का उचित मुआवजा मांग रहे किसान, महीने भर से बैठे हैं धरने पर

# खुद की जमीन बचाने किसान कर रहे जद्दोजहद पिता को छुड़ाने आई मां की गोद में सो गया मासूम





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

### गेजामुड़ा में प्रशासनिक आतंक का नजारा, पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को दौड़ा-दौड़ा कर भगाया

गेजामुड़ा के ग्रामीणों के साथ शनिवार-रविवार को जो प्रशासनिक आतंक का नजारा देखने को मिला वह किसी हिटलरशाही से कम नहीं था। एक पिता को पुलिस ने किसी बहाने से बुलाकर थाने में डाल दिया। इसके बाद दादी और मां के साथ एक मासूम भी अपने पिता को छुड़ाने कोतरा रोड थाने के सामने धरने पर चिलचिलाती धूप में बैठा रहा। इस नजारे को जिसने भी देखा वह विचलित हो गया, लेकिन पुलिस वालों का दिल नहीं पसीजा। करीब 20 घंटे तक मासूम अपने मां, दादी और अन्य ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठा रहा। बाद में पांच लोगों को चर्चा करने के लिए एसएसपी ने बुलाया तो था, लेकिन इसका परिणाम सार्थक नहीं निकला। जानकारी के अनुसार गेजामुड़ा के किसान अपनी ही जमीन बचाने की जदोजहद में लगे हुए है। यहां की जमीन रेलवे लाइन की जद में आ रही है, जिसका उचित मुआवजे की मांग किसान कर रहे हैं। इसके लिए बीते महीने भर से गांव में ही टेंट लगाकर प्रदर्शन कर रहे हैं। एसडीएम ने उनको नोटिस भी दिया था, लेकिन अपनी मांगों को लेकर अड़े रहे। इसी बीच शनिवार को किसी बहाने से बुलाकर एक किसान को अंदर कर दिया गया। इसके बाद तो जैसे किसानों का गुस्सा सातवें आसमान पर चढ़ गया और थाने का घेराव कर दिया। आक्रोश इस कदर बढ़ा कि किसान और ग्रामीण अपने आप को जेल में डालने की मांग करने लगे। दूसरी ओर गेजामुड़ा धरना स्थल से किसानों को दौड़ा- दौड़ाकर भगाने लगे। इस बीच पुलिस के डंडे से डर कर कोई कहीं भागा तो कोई कहीं। पुलिस बर्बरता का यह नजारा काफी डरावना था जो धरतीपुत्रों को हटाने के लिए पुलिस द्वारा की जा रही थी।

#### जीविका का साधन भी हो जाएगा खत्म

किसानों की जीविका का एक मात्र साधन उसकी खेती है और जब जमीन ही नहीं रहेगा तो उनका जीवन यापन कैसे चलेगा। यही सोचकर किसान परेशान हैं और अपनी जमीन देना नहीं चाह रहे हैं। हालांकि कई किसानों कों मुआवजा भी मिल चुका है, लेंकिन अब वे वर्तमान दर पर मांग कर रहे हैं। प्रशासन का कहना है कि यह पुराना मामला है और किसानों को मुआवजा मिल चुका है। कुछ लोगों ने मुआवजा नहीं लिया है उनको देने की कोशिश की जा रही हे। हालांकि इस मामले में एसडीएम महेश शर्मा से चर्चा करने के लिए संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने फोन काट दिया। मैसेज भी किया गया, लेकिन जवाब भी नहीं मिला।

#### दर्जन भर गांव हो रहा प्रभावित

रेलवे लाइन में करीब दर्जन भर गांव प्रभावित हो रहे हैं। इसमें से कुछ किसानों को तो मुआवजा मिल गया है तो कुछ ने लेने से इंकार कर दिया हे। इसी का विवाद है। प्रशासन चाहे तो विवाद आसानी से सुलझ सकता है, लेकिन दहशत का माहौल बनाना चाह रहे हैं।

### अवैध फैक्ट्री में तैयार हो रही थी शराब, 500 लीटर का टैंकर जब्त



**छाल।** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बहेरामार गांव में संचालित अवैध शराब फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है। बहेरामार निवासी प्रदीप बेहरा अपने घर के पीछे बड़े पैमाने पर महुआ शराब का निर्माण कर रहा था। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। छापेमारी के दौरान जो नजारा सामने आया उसे देखकर पुलिस भी हैरान रह गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने लगभग 500 लीटर क्षमता वाला टैंकर, एक सिंटेक्स टंकी में भरी करीब 400 लीटर महुआ शराब, 15-15 लीटर के जार में करीब 120 लीटर शराब तथा बिक्री के लिए तैयार 1-1 लीटर की 10 बोतल शराब जब्त की। इसके अलावा शराब बनाने में प्रयुक्त सामग्री भी बरामद की गई। पुलिस की भनक लगते ही मुख्य आरोपी प्रदीप बेहरा मौके से फरार हो गया। वहीं मौके पर मौजूद मजदूर जयपाल राठिया को गिरफ्तार कर थाने लाया गया है, जिससे पूछताछ जारी है। पुलिस की इस बड़ी कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

## आमाघाट में अफीम खेती का फरार एक आरोपी झारखंड से गिरफ्तार



**रायगढ़।** फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए गठित विशेष टीमों ने झारखंड में दबिश देकर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक आमाघाट के खर्राघाट भैर नाला किनारे स्थित भूमि पर आरोपी मार्शल संगा द्वारा अवैध रूप से अफीम की खेती की जाने का मिलने पर तत्काल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की, जहां एएनटीएफ टीम को खेत में कुल 60,326 अफीम के पौधे मिलेए जिनका वजन 2877 किलोग्राम मिला। पूछताछ में मुख्य आरोपी मार्शल संगा ने अपने साथियों एमानुएल भेंगरा और सीप्रियन भेंगरा के सहयोग से इस अवैध खेती को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी के निशानदेही के आधार पर उसके ठिकाने से 3.02 किलोग्राम अफीम कीमत लगभग 15 लाख 10 हजार रुपए भी बरामद की गई। मामले में थाना तमनार में धारा 8 बी 18 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर मुख्य आरोपी मार्शल संगा को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था। वहीं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसएसपी के निर्देशन में तमनार और साइबर थाना की संयुक्त टीमों को ओडिशा और झारखंड रवाना किया गया था। पुलिस टीम लगातार पीछा करते हुए आरोपियों के गृहग्राम तक पहुंची, जहां आरोपियों को पुलिस की भनक लग गई और वे पहाड़ी क्षेत्र में छिप गए। इसके बाद स्थानीय पुलिस के सहयोग से रायगढ़ पुलिस ने सघन सर्च ऑपरेशन चलाया गया, जिसमें काफी मशक्कत के बाद जंगल में भाग रहे आरोपी एमानुएल भेंगरा को पकड़ लिया गया। आरोपी को रायगढ़ लाकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

### वार्ड समितियों का गठन, दो अध्यक्ष हुए निर्वाचित

**रायगढ़।** नगर निगम क्षेत्र में जनसंख्या के आधार पर वार्ड समितियों का गठन कर प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया गया है। सोमवार को निगम सभाकक्ष में निगम क्षेत्र के अंतर्गत दो वार्ड समितियों का गठन प्रक्रिया सम्पन्न हुआ। वार्ड समितियों के गठन से स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों में तेजी लाई जा सकेगी एवं जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण संभव होगा। प्रथम वार्ड समिति में वार्ड क्रमांक 1 से 20 साथ ही वार्ड क्रमांक 39, 40 एवं 43 से 46 तक के वार्डों को शामिल किया गया है। वहीं द्वितीय वार्ड समिति में वार्ड क्रमांक 21 से 38 तथा 41, 42, 47 एवं 48 को सम्मिलित किया गया है।




## खबर संक्षेप

### 96.25 प्रतिशत अंकों के साथ आरुष जिले ने टॉप



**जशपुरनगर।** जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश चयन परीक्षा में कुनकुरी के छात्र आरुष ताम्रकार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे जशपुर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर नगर और परिवार का नाम रोशन किया है। आरुष ताम्रकार के पिता सचिन ताम्रकार और माता पूजा ताम्रकार पुरानी बस्ती कुनकुरी के निवासी हैं । आरुष वर्तमान में लोयला उच्चतर माध्यमिक (अंग्रेजी माध्यम) विद्यालय कुनकुरी स्कूल में कक्षा पांचवीं के छात्र हैं। नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में आरुष ने शानदार अंक प्राप्त किए। उन्हें मेंटल एबिलिटी में 50 अंक, अंकगणित में 22.50 अंक तथा भाषा विषय में 23.75 अंक प्राप्त हुए। इस प्रकार कुल 96.25 अंक हासिल कर उन्होंने जशपुर जिले में पहला स्थान प्राप्त किया।

### दिव्यांगजन प्रमाणीकरण तथा यूडीआईडी शिविर कल

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों के हित में दिव्यांगजन प्रमाणीकरण एवं यूडीआईडी शिविर का आयोजन 25 मार्च को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुनकुरी में प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। इस शिविर में जनपद पंचायत कुनकुरी अंतर्गत सभी दिव्यांगजनों का प्रमाणीकरण तथा पूर्व में जारी प्रमाणपत्रों का नवीनीकरण किया जाएगा, जिससे उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ सुगमता से प्राप्त हो सके। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में उपस्थित होने वाले हितग्राही आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार नम्बर में रजिस्टर्ड मोबाईल (जिसमें ओटीपी आता हो), फोटोग्राफ (जिसमें दिव्यांगता प्रदर्शित हो) जैसे आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करे। साथ ही, जिन हितग्राहियों के आधार से लिंक मोबाइल नंबर को अपडेट करने की आवश्यकता है, वे पूर्व में ही नजदीकी आधार केंद्र पर जाकर अपना मोबाइल नंबर अपडेट करवा लें।

### जवाफूल चावल वाला जिला अब अफीम के नाम से हो रहा बदनामः नेगी

**रायगढ़।** धान के कटोरे छत्तीसगढ़ की कहानी बहुत ही साफ सुथरी थी और किसान अपनी मेहनत और पसीने की कृषि का उत्पादन कर फसल से जो भी काम लेते थे उससे खुश होकर अपने परिवार के साथ जिंदगी का गुजारा कर लेते थे पर पिछले सालों से छत्तीसगढ़ में नशे के सौदागरों ने अफीम की खेती कर इसे बदनाम कर दिया और जिस रायगढ़ जिले के तमनार और लेलुंगा का जवाफूल चावल प्रसिद्ध था उस क्षेत्र को अफीम अवैध खेती के नाम से बदनाम कर दिया। जिला कांग्रेस कमेटी रायगढ़ ग्रामीण के अध्यक्ष नगेंद्र नेगी ने रायगढ़ जिले में अवैध अफीम खेती को लेकर राज्य की विष्णु देव साय सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में संगठित गिरोह सत्ता के संरक्षण में अफीम की खेती करा रहे हैं और रायगढ़ जिले का प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। महज ही कुछ दिनों पहले जिले के तमनार ब्लॉक के आमघाट में अफीम की खेती का मामला सामने आने के बाद अब लैलूंगा ब्लॉक के नवीन घटगांव और मुड़ागांव में भी इस अवैध खेती का खुलासा हुआ है। जिले में नशे के सौदागरों के बड़े संगठित गिरोह की उपस्थिति का प्रमाण है, जिला प्रशासन और पुलिस विभाग से सवाल यह है कि जब दूरस्थ वन क्षेत्रों में खुलेआम अफीम की खेती हो रही थी तब कृषि विभाग के अधिकारी, राजस्व विभाग के पटवारी आरआई, तहसीलदार और पुलिस विभाग के अधिकारी क्या कर रहे थेघ् केलो परियोजना की सरकारी जमीन पर और जिला प्रशासन की गिरदावरी सिर्फ कागजों में ही की जा रही थी। बीते दो वर्षों से यह अफीम की खेती और नशे का अवैध कारोबार खुले आम चलता रहा और जब ग्रामीणों की जागरूकता से पकड़ाया तो रायगढ़ में जिला प्रशासन को कार्रवाई तो निर्धारित करनी थी कि दुर्ग और बलरामपुर में किस किस पर कौन से कार्रवाई कांग्रेस के द्वारा आवाज उठाने पर गंभीर कार्रवाई करनी पड़ी पर रायगढ़ जिले में प्रशासन ने कि अभी तक शासकीय जिम्मेदारों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जो कि अपने आप में गंभीर संदेह पैदा करता है।

## कृषि क्रांति एक्सपो 2.0: आधुनिक खेती का महाकुंभ कुनकुरी में शुरू

# नवाचारी खेती, उन्नत तकनीक, बेहतर फसल चयन से किसान होंगे समृद्धः साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- पत्थलगांव विधायक गोमती साय के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत कृषि यंत्रों और नवीन खेती पद्धतियों से जोड़ने के उद्देश्य से जिले में कृषि क्रांति एक्सपो 2.0 का आयोजन 23 से 25 मार्च तक कृषि महाविद्यालय, कुनकुरी में किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय आयोजन किसानों के लिए एक बड़े अवसर के रूप में सामने आया है, जहां उन्हें आधुनिक कृषि के विविध आयामों से अवगत कराया जा रहा है। एक्सपो में कृषि सहित संबद्ध विभागों पशुपालन, मछलीपालन एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा स्टाल लगाये गए है। साथ ही प्रदेश सहित अन्य राज्यों के कृषि उत्पाद एवं कृषि उपकरण विक्रेताओं ने भी स्टाल लगाकर किसानों को नवीन तकनीकों एवं मशीनों की जानकारी दे रहे है।



**बाजार और संसाधनों का हो बेहतर समन्वयः कलेक्टरः** इस अवसर पर कलेक्टर श्री व्यास ने कहा कि जिला प्रशासन जशपुर द्वारा प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत आयोजित इस एक्सपो का उद्देश्य किसानों, एफपीओ, कृषि कंपनियों, स्टार्टअप, खरीदारों, प्रोसेसर, निर्यातकों, वित्तीय संस्थानों और शासकीय विभागों को एक मंच पर लाना है, ताकि तकनीक, बाजार और संसाधनों का बेहतर समन्वय हो सके।

### जशपुर की भौगोलिक विविधता कृषि के लिए उपयुक्त

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती साय ने अपने संबोधन में कहा कि जशपुर की भौगोलिक विविधता इसे कृषि के लिए अत्यंत उपयुक्त बनाती है। उन्होंने बताया कि पहाड़ी क्षेत्रों में फलदार फसलों जैसे नाशपाती, लीची और चाय की अपार संभावनाएं हैं, जबकि मैदानी क्षेत्रों में धान जैसी पारंपरिक फसलों का बेहतर उत्पादन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह एक्सपो किसानों को क्षेत्र और मौसम के अनुसार फसल चयन, उन्नत तकनीक अपनाने, विपणन व्यवस्था को समझने और उत्पादन बढ़ाने में मार्गदर्शक की भूमिका निभाएगा। उन्होंने ड्रिप सिंचाई तकनीक को अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि इससे जल संरक्षण के साथ-साथ फसलों को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराया जा सकता है। साथ ही उन्होंने जैविक खेती को बढ़ावा देने की अपील करते हुए कहा कि इससे रसायन मुक्त उत्पादन संभव होता है, जो स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। उन्होंने महिलाओं से भी कृषि क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान करते हुए वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने की अपील की।



## नवसाक्षरों ने पत्थलगांव विस के 101 परीक्षा केंद्रों में दिलाई परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

- एक ही घर से सास और दो बहुओं ने दी परीक्षा

उल्लास बुनियादी परीक्षा विख पत्थलगांव के 101 परीक्षा केंद्रों में हुई, जिसमें महिला पुरुष नवसाक्षरों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस परीक्षा के लिए ग्राम पंचायतों के प्रत्येक परीक्षा केंद्र में 1 केंद्राध्यक्ष तथा 2 पर्यवेक्षकों को ड्यूटी लगाई गई थी।

परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थी को परीक्षा में लाने के लिए परीक्षा पूर्व ग्राम शिक्षकों द्वारा वातावरण निर्माण कर, टॉर्च रैली, प्रभात फेरी, नारा लेखन, पीला चावल का वितरण के साथ 2 दिन पूर्व कोटवार के माध्यम से मुनादी भी कराई गई, फलस्वरूप नवसाक्षरों ने रुचि दिखाते हुए परीक्षा में शामिल हुए। पत्थलगांव विख के बहनाटंगर पंचायत के फुलमनी व चमेली ने अपने छोटे बच्चों को लेकर महिलाएं बड़ी उत्साह से परीक्षा लिखने आई। इसी तरह कुमकेला पंचायत के मुनुराम टंडन जो कि पैर से दिव्यांग है उन्होंने समय में परीक्षा केंद्र में उपस्थित होकर परीक्षा देते नजर आए। कुछ परीक्षा केंद्र में एक ही घर से सास अपने दो बहुएं को लेकर परीक्षा में उपस्थित हुई, तथा देवारी जेठानी भी एक साथ परीक्षा में शामिल हुई। विकासखंड स्रोत समन्वयक के द्वारा सघन मॉनिटरिंग किया गया प्रत्येक केंद्रों में नवसाक्षरों की उपस्थित देखने को मिला और नवसाक्षरों में परीक्षा के प्रति उत्साह देखने को मिला।

### महिला उल्लास परीक्षा केंद्र

इसी क्रम में पंडरीपानी के पारा छिंदबहरी स्कूल पारा में महिला उल्लास परीक्षां केंद्र का निर्धारण किया गया था जिसमें 36 महिलाओं ने उल्लास परीक्षा में भाग लिया। कुछ महिलाओं द्वारा महुवा बिनने के बाद परीक्षा केन्द्र में उपस्थित हुई, इन सभी महिलाओं के लिए प्रधान पाठक द्वारा खाने का व्यवस्था भी किया गया।

### सेल्फी जोन परीक्षा केंद्र

आदर्श प्रा. शा. कुमकेला को उल्लास परीक्षा का सेल्फी जोन बनाया गया था जहां नवसाक्षरों द्वारा परीक्षा देने के बाद अतिउत्साह के साथ सेल्फी जोन में फोटो खिंचवाते नजर आए।

## आज ब्रम्हनिष्ठालय सोगड़ा से निकलेगा मां का डोला

- शाम 7 बजे मां भगवती विशेष रूप से सुसज्जित डोले में विराजमान हो निकलेंगी

**जशपुरनगर।** वासन्तिक नवरात्र पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सोगड़ा आश्रम में भक्ति और शक्ति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। मंगलवार, 24 मार्च को नवरात्र की सप्तमी तिथि के शुभ अवसर पर ब्रह्मनिष्ठालय सोगड़ा आश्रम में मां कालरात्रि की विशेष पूजा-अर्चना विधि-विधान से संपन्न की जाएगी। सप्तमी के इस पुनीत अवसर पर आश्रम में 'माँ का डोला' निकालने की परंपरा रही है, जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। शाम 7:00 बजे माँ भगवती को विशेष रूप से सुसज्जित डोले में विराजमान किया जाएगा। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की मधुर ध्वनि, कीर्तन- भजन और श्रद्धालुओं के जयकारों के बीच यह भव्य डोला मंदिर प्रांगण से प्रस्थान करेगा। यह डोला भगवती मंदिर से निकलकर पूरे आश्रम परिसर की परिक्रमा करेगा। इस दौरान मां के दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे। परिक्रमा के पश्चात डोला पुनः मंदिर पहुंचेगा, जहां मां कालरात्रि की विशेष आरती और पूजन संपन्न होगा।



### सप्तमी पूजन का विशेष महत्व

सप्तमी तिथि को मां कालरात्रि की पूजा का आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यधिक महत्व माना जाता है। इस दिन मां भगवती का मनोहारी और विशेष श्रृंगार किया जाता है। मान्यता है कि इस आयोजन में शामिल होने से भक्तों को सप्तमी पूजन के महात्म्य का विशेष फल प्राप्त होता है। आयोजन को लेकर भक्तों में भारी उत्साह है और प्रशासन व आश्रम प्रबंधन द्वारा सुरक्षा एवं व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

### धर्म स्वातंत्र्य विधेयक के लागू होने पर भगत व साय का स्वागत

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा धर्मांतरण पर नियंत्रण के उद्देश्य से लागू किए गए धर्म स्वतंत्रता अधिनियम के पारित होने के बाद, जशपुर नगर में पहली बार विधायक रायमुनी भगत एवं सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष तथा पत्थलगांव विधायक गोमती साय का भव्य स्वागत किया गया। जिला मीडिया प्रभारी फैजान खान ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आगमन विशेष महत्व रखता है, क्योंकि विधेयक पारित होने के बाद यह दोनों जनप्रतिनिधियों का प्रथम नगर आगमन है। धर्मांतरण के खिलाफ इस विधेयक को पारित कराने में दोनों विधायकों का महत्वपूर्ण योगदान और लंबा संघर्ष रहा है। उन्होंने लगातार जनजागरूकता अभियान, आंदोलन और जनसमर्थन के माध्यम से इस मुद्दे को मजबूती से उठाया, जिसके परिणामस्वरूप सरकार ने जनभावनाओं के अनुरूप यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया। शाम 6 बजे विधायकों के जशपुर आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा गम्हरिया चौक में भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके पश्चात बाइक रैली के माध्यम से पूरे उत्साह और जनसहभागिता के साथ नगर प्रवेश कराया जाएगा। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कल्याण आश्रम में समापन करेगी।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 27 तक

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 2025-26 सत्र में ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आईलाइन आवेदन आमंत्रित की गई है। यह छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतर शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध है।

## अभिभावक-शिक्षक बैठक सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न

### उपलब्धियों का उत्सव और भविष्य के लिए प्रेरणा

**जशपुरनगर।** कुनकुरी के लोयला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक प्रेरणादायी और उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शीर्षक था ₹उपलब्धियों का उत्सव और भविष्य के लिए प्रेरणा₹।इस अवसर पर विद्यालय के सभी कक्षाओं के वार्षिक परीक्षा परिणाम औपचारिक रूप से घोषित किए गए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कारों एवं प्रमाण-पत्रों से सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार ने मेधावी छात्रों की मेहनत, लगन और समर्पण की सराहना की तथा उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए प्रोत्साहित किया।

अभिभावक-शिक्षक बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें अभिभावकों ने अपने बच्चों की प्रगति पर शिक्षकों से विस्तृत चर्चा की। शिक्षकों ने सुझाव दिए कि घर और विद्यालय के सहयोग से बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। अभिभावकों ने विद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था, अनुशासन और सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। कार्यक्रम का समापन सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसमें छात्रों ने गीत, नृत्य, नाटक और अन्य कलात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह सत्र सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत बना और उपस्थितजनों में उत्साह का संचार किया।



## हर घर जल के लक्ष्य की दिशा में एक उदाहरण बनकर उभरा ग्राम बस्तला

- गांव के 39 परिवारों को कनेक्शन के माध्यम से नियमित रूप से उपलब्ध कराया जा रहा स्वच्छ पेयजल

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से निरंतर प्रयासों किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ग्राम बस्तला एक प्रेरणादायक उदाहरण के रूप में उभरा है। यह गांव दुलदुला विकासखण्ड में स्थित है और घने जंगलों एवं पहाड़ियों से घिरा हुआ है।

झारखंड सीमा के समीप स्थित यह ग्राम भौगोलिक दृष्टि से अत्यंत दुर्गम रहा है, जिसके कारण यहां मूलभूत सुविधाओं का विकास लंबे समय तक चुनौतीपूर्ण बना रहा। योजना के क्रियान्वयन से पूर्व ग्राम बस्तला के निवासियों की पेयजल के लिए हैंडपंप, कुओं एवं प्राकृतिक स्त्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता था। विशेषकर महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रतिदिन लंबी दूरी तय कर पानी लाना पड़ता था, जिसमें उनका काफी समय और श्रम व्यय होता था। कई बार उन्हें दिन में कई चक्कर लगाने पड़ते थे. जिससे अन्य घरेलू एवं आर्थिक कार्य प्रभावित होते थे। बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती थी।



जल स्त्रोतों का पानी मटमैला एवं दूषित हो जाता था, जिससे पीने योग्य पानी प्राप्त करना कठिन हो जाता था। स्वच्छता के किसी निर्धारित मानक के अभाव में ग्रामीणों को असुरक्षित जल का उपयोग कर पड़ता था, जिसके कारण जलजनित बीमारियां जैसे दस्त उल्टी एवं अन्य संक्रमण आम बात थे। इससे न केवल लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित होता था, बल्कि आर्थिक रुप्प से भी अतिरिक्त बोझ पड़ता था। इन चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम बस्तला में एक उच्च स्तरीय जलागार (ओवरहेड टेक) का निर्माण किया गया, जिसकी क्षमता 10 किलोलीटर है। इसके साथ ही पूरे गांव में पाइपलाइन नेटवर्क बिछाकर घर-घर तक नल कनेक्शन प्रदान किए गए। वर्तमान में ग्राम के 39 परिवारों को फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन के माध्यम से नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना के सफल संचालन के लिए ग्राम स्तर पर जल एवं स्वच्छता समिति का गठन किया गया है, जो योजना के रखरखाव एवं प्रबंधन की जिम्मेदारी निभा रही है। स्थानीय स्तर पर पंप ऑपरेटरों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। जिससे जल आपूर्ति प्रणाली का संचालन नियमित एवं सुचारु रूप से हो रहा है। सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से योजना के प्रति ग्रामवासियों में स्वामित्व की भावना विकसित हुई है. जो इसकी दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करती है। वर्तमान में ग्राम बस्तला की स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है।

अब प्रत्येक घर तक नल के माध्यम से स्वच्छ एवं सुरक्षित जल की उपलब्धता सुनिश्चित हो गई है। महिलाओं को अब पानी लाने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ता। जिससे उनके समय और श्रम की बचत हुई है। यह समय अब वे अपने परिवार बच्चों की शिक्षा एवं अन्य आयवर्धक गतिविधियों में लगा रही है। जिससे उनका सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण हुआ है।

## जशपुर की 18 हजार से अधिक महिलाएं बनी लखपति दीदी

### महिलाएं खेती, पशुपालन खाद्य प्रसंस्करण लघु उद्योग से अपने परिवार और गांव को दे रही आर्थिक मजबूती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रकृति की गोद में बसा जशपुर, हरी-भरी बादियॉ, मेहनतकश किसानों की धरती जहां से शुरू हो रही है एक नई सोच और नई दिशा। आज जशपुर की महिलाएं खेती, पशुपालन, लघु उद्यम, खाद्य प्रसंस्करण तथा हस्तशिल्प उत्पादों के माध्यम से अपने परिवार और गांव की आर्थिक ताकत बन रही है। गांव-गांव में कृषि सखियां और पशु सखियां, किसानों तक आधुनिक तकनीक और उन्नत खेती की जानकारी पहुंचा रही है, जिससे खेती अब परंपरा के साथ एक सफल व्यवसाय भी बन रही है।



जशपुर जिले में 12808 स्व सहायता समूह सक्रिय है। 1,37, 912 महिलाएं जुड़ी हुई है और सामूहिक प्रयासों से आर्थिक आत्मनिर्भरता की नई मिसाल बन रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व एवं जिला प्रशासन जशपुर के निरंतर प्रयासों से जिले में लखपति दीदी पहल को गति दी जा रही है। वर्ष 2024 से 2027 तक 30877 लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें से 18218 महिलाएं पहले ही लखपति बन चुकी है और 12659 दीदियों को आगामी वर्षों में लखपति बनाने का लक्ष्य है। इसके लिए लगभग 70 हजार महिलाओं को कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और उद्यानिकी से जोड़ने की पहल की जा रही है। जिसमें बिहान की टीम सक्रिय रूप से कार्य कर रही है, महिलाओं को आजीविका से जोड़ने के लिए मुद्रा लोन से लगभग 14 करोड रुपए, बैंक लिंकेज से 76 करोड़ रुपए, और सामुदायिक निवेश निधि से लगभग 13 करोड रुपए की सहायता प्रदान की गई है। बिहान द्वारा सभी कैडर के साथ-साथ करीब 8500 संभावित लखपति दीदियों को विभिन्न आजीविका गतिविधियों में प्रशिक्षित किया गया है और उनकी आय में वृद्धि की सतत निगरानी की जा रही है। इन संसाधनों से महिलाएं डेरी बकरी पालन, पोल्ट्री और फूड प्रोसेसिंग जैसे उद्योगों के माध्यम से लखपति दीदी पहल को आगे बढ़ा रही है। इन्हीं प्रेरणादायक प्रयासों और नई तकनीक को जानने के लिए 23 से 25 मार्च 2026 को कृषि महाविद्यालय कुनकुरी में कृषि क्रांति एक्सप्रेस 2.0 अवसर लेकर आ रहा है।

### ऑपरेशन शंखनाद के तहत 12 गौवंश छुड़ाए, 3 आरोपी जेल भेजे गए

**जशपुरनगर।** गौ तस्करी के खिलाफ जशपुर पुलिस का 'ऑपरेशन शंखनाद' अब असर दिखाने लगा है। बागबहार थाना क्षेत्र में पुलिस ने जंगल के रास्ते उड़ीसा ले जाए जा रहे 12 गौवंशों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया है। मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, जबकि एक आरोपी अंधेरे और जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गया। घटना 22 मार्च की है, जब बागबहार पुलिस टीम नियमित जांच के लिए कुकरगांव और खड़ामाचा क्षेत्र में निकली थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग गौवंशों को मारते-पीटते हुए जंगल के रास्ते तेजी से उड़ीसा की ओर ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने बिना देर किए इलाके में घेराबंदी कर दी। जैसे ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, तस्करों में हड़कंप मच गया। भागने की कोशिश कर रहे चार में से तीन आरोपियों को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया, जबकि एक आरोपी फरार हो गया। गौवंश तस्करी मामले में इन तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है तरुण चौहान उम्र 45 वर्ष, फरसा टोली, शोभन नागवंशी उम्र 47 वर्ष, खड़ामाचा, सीताराम नागवंशी उम्र 42 वर्ष, कुकरगांव।

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने मां आइस फैक्ट्री और रिलांयस स्मार्ट पाइंट का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

आगामी ग्रीष्मकाल के मद्देनजर नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार एवं कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में जिला खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिलें में विनिर्माण करके विक्रय किये जा रहे पानी पाउच, मिनरल वाटर, आईस कैण्डी, आईस एवं आइसक्रीम की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का संचालन खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार किये जाने हेतु सतत कार्यवाही शुरु कर दी गई हैं।

इस क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा विगत दिवस 20 मार्च को पत्थलागांव विकासखण्ड में स्थिति मां आईस फैक्ट्री में औचक छापेमार कार्रवाई की गई। जिस पर मौके पर भारी मात्रा में आईस कैण्डी का विनिर्माण किया जाना पाया गया, उक्त आईस कैण्डी को सेवन मुख्य तौर पर छोटे बच्चों के द्वारा किया जाता है। खाद्य सुरक्षा की टीम द्वारा मौका निरीक्षण के समय माँ आईस फैक्ट्री में आईस कैण्डी का विनिर्माण खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 एवं विनियम, 2011 के मानकों के आधार पर नहीं किया जाना पाया गया। जिस पर गुणवत्ता की शंका मौके पर दो, आइस कैण्डी, भीम का मैंगो फ्लेवर आईस कैण्डी ग्रीन और आरेंज का नमूना संकलित कर जॉच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजा गया, जिसकी रिपोर्ट प्राप्त होने पर संबंधित फर्म पर विधिक कार्रवाई शुरु की जाएगी। इसके अतिरिक्त विनिर्माण प्रक्रिया में कमियों, गुणवत्ता में शंका एवं खाद्य सुरक्षा एवं मानक (लैबलिंग एवं डिसप्ले ) विनियम, 2020 के प्रावधानों का परिपालन नहीं पाये जाने के कारण मौके पर भारी मात्रा में विक्रय हेतु बनाकर रखे पाये गये आईस कैण्डी कुल 147 बोरा वजन लगभग 2000 किलोग्राम, मूल्य लगभग 15 हजार रुपये, की जब्ती बनाते हुये विनिर्माता हैप्पी गर्ग की अभिरक्षा में आगामी आदेश तक अभिग्रहित किया गया एवं खाद्य विनिर्माता को आगामी आदेश तक तत्काल प्रभाव से आईस कैण्डी का विनिर्माण नहीं करने का सख्त निर्देश दिया गया।





# हमारी एजेंसी छोड़ने वालों के लिए अच्छा ही चाहूंगा : करण

**मुंबई।** करण जौहर प्रोड्यूस कई फिल्मों में जान्हवी कपूर ने अभिनय किया है। लगता है कि अब वह अलग रास्ते पर चलना चाहती हैं कि यही वजह है कि हाल ही में वह करण जौहर की टैलेंट एजेंसी से अलग हो गई। हाल ही में एक बातचीत में करण जौहर कहते हैं, 'कुछ टैलेंट ऐसे होंगे जो हमारे पास आएंगे और चले जाएंगे। तीन बड़ी एजेंसियों के बीच हमेशा पासिंग द पार्सल जैसा खेल चलता रहता है।'करण जौहर ने यह भी बताया कि उनकी टैलेंट एजेंसी सबसे ज्यादा बिजनेस करती है। करण जौहर बातचीत में आगे कहते हैं, 'जिस किसी ने भी हमारी एजेंसी छोड़ी है, मैं हमेशा उनके लिए अच्छा ही चाहूंगा, उनके साथ काम भी करूंगा।

लाइफ Style

# परवीर

## कम स्क्रीन टाइम के बावजूद जीता सबका दिल

एजेंसी ▶▶| मुंबई

धुरंधर 2 में एक छोटा सा सीन आता है, जहां जसकीरत सिंह रंगी और उनकी छोटी बहन जसलीन से मिलता है। वो सीन काफी इमोशनल होता है। परवीर कौर पंधेर फिल्म में जसलीन कौर रंगी का किरदार निभाती हैं।

परवीर पंजाबी सिनेमा की उभरती हुई एक्ट्रेस और सिंगर हैं और इस फिल्म के साथ उनका बॉलीवुड में डेब्यू था। पंजाब की रहने वाली परवीर कौर पंधेर ने पंजाबी म्यूजिक वीडियोज, गानों और फिल्मों के जरिए मजबूत फैनबेस बनाया है। इंस्टाग्राम पर उनके 8.5 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं, जहां वह अपने सिंगर से एक्टर बनने के सफर को शेयर करती रहती हैं। भले ही परवीर कौर पंधेर का स्क्रीन टाइम कम था, लेकिन जसकीरत सिंह रंगी और जसलीन के सीन ने सबके दिलों में जगह बना ली। 'धुरंधर 2' में जसकीरत सिंह रंगी की छोटी बहन जसलीन सिंह किडनैप हो जाती है, जिसे बचाने के लिए जसकीरत एक विधायक के घर में घुसकर अपने पिता और बड़ी बहन की मौत का बदला लेने के लिए 12 लोगों को मार देता है। इसके बाद जसकीरत को उसकी बहन जसलीन एक झोपड़ी में काफी बुरी हालत में मिलती है। इसके बाद भाई-बहन के मिलने वाला इमोशनल सीन, सबके दिल में जगह बना लेता है। इसे 'धुरंधरः द रिवेंज' का सबसे इमोशनल सीन भी कहा जा रहा है। हाल ही में परवीर कौर पंधेर ने इंस्टाग्राम पर अपने सीन से जुड़ी पोस्ट शेयर की और अपने अनुभव को शेयर किया।



हॉलीवुड मसाला



# कैंसर के आगे नहीं मानी हार

**लॉस एंजिल्स।** अमांडा पीट ने हाल ही में अपनी ब्रेस्ट कैंसर ट्रीटमेंट को लेकर एक आर्टिकल लिखा है। इसमें वह कैंसर पता चलने के झटके और उसके बाद के सफर के बारे में बात करती हैं। इस दौरान वह काफी दुख और कष्ट से गुजरी हैं। 'समथिंग्स गोटा गिव' और 'योर फ्रेंड्स एंड नेबर्स जैसी हॉलीवुड फिल्मों के लिए मशहूर अमांडा पीट ने एक लेख अपनी कैंसर जर्नी के बारे में लिखा है। वह इसमें बताते हैं कि साल में दो बार ब्रेस्ट चेकअप कराती थीं। पिछले साल लेबर डे से पहले एक रूटीन स्कैन उन्होंने कराया, जिसके बाद ब्रेस्ट कैंसर का पता चला।



# वे ऑफ द ड्रैगन जैसी एक्शन फिल्मों में किया काम...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता चक नॉरिस का निधन हो गया। चक ने 86 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। चक नॉरिस ने द डेल्टा फोर्स, लोन वुल्फ मैकक्वेड, कोड ऑफ साइलेंस, ब्रूस ली के साथ 'वे ऑफ द ड्रैगन', चक की सेहत थी नाजुक जैसी कई एक्शन फिल्मों में अभिनय किया। चक नॉरिस के परिवार ने उनके निधन पर इंस्टाग्राम पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा, 'बहुत दुख के साथ, हमारे परिवार ने प्यारे चक नॉरिस के अचानक निधन की खबर साझा की है। हम इस बात को निजी रखना चाहते हैं, लेकिन इतना जान लीजिए कि वे परिवार के साथ थे और शांति से चले गए।' 'दुनिया के लिए वे एक महान मार्शल आर्टिस्ट, अभिनेता और ताकत का प्रतीक थे। हमारे लिए वे एक बहुत अच्छे पति, प्यार करने वाले पिता और दादा, बेहतरीन भाई और हमारे परिवार का दिल थे।



# त्रिमुखी फल के बारे में बताई दिलचस्प बात

**मुंबई।** अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी बहुत सख्त फिटनेस रूटीन फॉलो करती हैं। वह कड़ी एक्सरसाइज और बैलेंस्ड डाइट लेती हैं। लेकिन, कभी-कभी वह अपना मनपसंद खाना खाकर मजा भी करती हैं। रविवार को अपने चीट डे पर शिल्पा ने एक मजेदार वीडियो इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया। इसमें वह स्वादिष्ट समोसे खाती दिख रही हैं। इसके साथ ही अलग-अलग तरह की चटनी और जलेबी भी खाती नजर आ रही हैं। उनका यह वीडियो फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो के बैकग्राउंड में मजाकिया आवाज सुनाई दे रही है, जिसमें समोसे को 'त्रिमुखी फल' कहा जा रहा है। आवाज में कहा गया, 'यह फल पूरे साल मिलता है और दिन में कभी भी खाया जा सकता है। इसे खाने वाले को तीनों लोकों में सुख मिलता है।



# दिखाई वीर सावरकर की खास झलक

**मुंबई।** रणदीप हुड्डा की फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' ने रविवार को रिलीज के पूरे 2 साल पूरे कर लिए हैं। यह फिल्म 22 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। रविवार को रणदीप ने इस फिल्म का एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने बताया कि उनकी इस फिल्म ने उनकी सभी सीमाओं की परीक्षा ली। रणदीप की पत्नी लिन ने भी एक खास कमेंट कर अपनी राय पेश की है। यह वीडियो विनायक दामोदर सावरकर के जीवन पर आधारित फिल्म के बारे में हैं। इसके साथ रणदीप ने कैप्शन में लिखा कि यह प्रोजेक्ट उनके लिए बहुत मुश्किल था। उन्होंने अभिनय और निर्देशन दोनों किए थे। यह फिल्म उनकी हर सीमा को परखने वाली थी। उन्होंने लिखा, 'मैंने इसे जिया, इसका सामना किया और महसूस किया। यह सफर हमेशा याद रहेगा।'

टीवी मसाला



# नागिन 7 में अक्षय महानाग बन कर प्रियंका की करेंगे मदद

**नई दिल्ली।** एकता कपूर के सीरियल 'नागिन 7' में अब अक्षय कुमार नजर आएंगे। हाल ही उन्होंने एक खास सीक्वेंस शूट किया। वह 'नागिन 7' में महानाग का रोल प्ले करेंगे और नागरानी अनंता की मदद करेंगे। अक्षय 'भूत बंगला' प्रमोट करने के लिए 'नागिन 7' का हिस्सा बने हैं। एकता 'भूत बंगला' की भी प्रोड्यूसर हैं। अक्षय कुमार हाल ही 'नागिन 7' के सेट पर नजर आए, जहां साथ में राजपाल यादव, एकता कपूर, प्रियंका चाहर चौधरी और कनिका मान भी थीं। अक्षय और राजपाल यादव का 'नागिन 7' के सेट पर जोरदार अंदाज में स्वागत किया गया, जिसका वीडियो भी सामने आया है और चर्चा में है। 'नागिन 7' और 'भूत बंगला' के इस क्रॉसओवर ने फैंस को एक्साइटेड कर दिया है और वो इस नए ट्रैक का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टीवी सीरियल 'नागिन 7' में फिलहाल दिखाया जा रहा है कि चंगिस्तान के लोग भारत देश को नुकसान पहुंचाने के लिए हर संभव साजिश रच रहे हैं। वो नागमणि के अलावा आर्यमन सूरी के उस सीक्रेट लॉकर को पाना चाहते हैं, जिसमें उसके महान वैज्ञानिक पिता ने देश की सुरक्षा से जुड़ी कुछ चीजें सहेजकर रखी थीं। आहना (नागरानी अनंता) को कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा है कि वह देश के दुश्मनों का मुकाबला कैसे करे और किस तरह आर्यमन को भी दुश्मनों से बचाए। वहीं, 'भूत बंगला' की बात करें, तो इसे प्रियदर्शन ने डायरेक्ट किया है।

## 'तारक मेहता' ने टॉप-5 में बनाई जगह

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते की तरह इस बार भी टीवी टीआरपी की रिपोर्ट आ गई है और इस बार के शोज की लिस्ट में काफी उलट-फेर हुई है। स्टार प्लस के दो शोज तो हमेशा की तरह टॉप- 2 में बने हुए हैं। नंबर



1 पर एकता कपूर का सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' और दूसरे पर राजन शाही का 'अनुपमा' बना हुआ है। हालांकि, इसके बाद के नंबर्स में बड़ी हलचल है। हालांकि, सबका चहेता 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' ने सबको चौंकाते हुए टॉप-5 में अपनी जगह बनाई है। लंबे समय से लोकप्रिय इस सिटकॉम की दर्शकों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है और यह टॉप 5 में शामिल होकर चौथे स्थान पर पहुंच गया है। इस अचानक हुई वृद्धि से हिंट मिलता है कि मौजूदा कहानी लोगों को पसंद आ रही है। इसकी टीआरपी 1.8 और पहुंच 2.9 है।

# तमन्ना-शनाया की रैंप वॉक का जलवा फैंस पर चलाया हुस्न का जादू

**मुंबई।** मुंबई में इन दिनों एक चर्चित फैशन वीक चल रहा है। कई बॉलीवुड एक्ट्रेस रैंप वॉक कर रही हैं। हाल ही में तमन्ना भाटिया और शनाया कपूर ने भी रैंप वॉक की। दोनों के लुक, ड्रेस ने फैंस का दिल जीत लिया। तमन्ना भाटिया ने अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है, वह इन दिनों बहुत फिट नजर आती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने डिजाइनर भूमिका शर्मा के लिए रैंप वॉक की। वहीं, शनाया कपूर डिजाइनर रितिका मिराचंदानी के फैशन शो की शो स्टॉपर बनीं। दोनों एक्ट्रेस के लिए काफी चर्चा में रहे हैं। मुंबई के नामी फैशन वीक में तमन्ना भाटिया ने डिजाइनर भूमिका शर्मा की बनाई ड्रेस पहनकर रैंप वॉक की। उन्होंने एक गाउन पैटर्न ड्रेस पहनी थी। गहरे लाल रंग की इस ड्रेस पर सिल्वर कलर से फूलों और पत्तियों के डिजाइन बने थे, इस पर बारीक कढ़ाई भी की गई थी। इस ड्रेस के साथ उन्होंने ग्रीन कलर वाली ज्वेलरी को टीमअप किया था। इस फैशन वीक में शनाया कपूर ने भी शिरकत की है। वह डिजाइनर रितिका मिराचंदानी के लिए शो स्टॉपर बनीं। शनाया कपूर ने कॉकटेल साड़ी पहनी थी। इस साड़ी पर खूबसूरत कारीगरी की गई थी। शनाया कपूर ने काफी कॉन्फिडेंस से रैंप वॉक की। तमन्ना भाटिया की जल्द ही एक फिल्म 'वन' रिलीज होगी। शनाया कपूर की बात करें तो पिछले दिनों वह एक फिल्म 'तू या मैं' नजर आईं। फिल्म को दर्शकों से कुछ खास रेस्पॉन्स नहीं मिला है।



# दर्द को हौसला का ईंधन चाहिए... धुरंधर 2 के सात दमदार डायलॉग, रटते ही समा जाएगी देशभक्ति

**नई दिल्ली।** आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर 2' की दुनियाभर में तारीफ हो रही है। फिल्म की कहानी से लेकर कास्ट और डायलॉग्स तक की हर कोई बात कर रहा है। अब इन्हीं में से आपको सात दमदार डायलॉग बताते हैं जो हमेशा याद रहेंगे।

**बदला लेना आसान नहीं होता :** 'बदला लेना आसान नहीं होता, दर्द को हौसला का ईंधन चाहिए होता है और वो ईंधन हर किसी के पास नहीं होता है।' खैर, यह डायलॉग बहुत ही जोरदार और उत्तेजक है।

**देश को संभाल लूंगा :** 'इस जन्म में फैमिली फर्स्ट यारा, अगले जन्म में देश को भी संभाल लूंगा।' यह डायलॉग एक व्यक्ति की अपने देश के प्रति मंशा और प्रेम को दिखाता है।



**हिंदुस्तानी काफिर का सर :** 'हिंदुस्तानी काफिर का सर कटकर मुशर्रफ के दस्तरख्वान पर रखा था मेजर इकबाल ने, खुदा कसम, अब एक और हिंदुस्तानी का सर कटकर मुरीदके के मीनार से लटकाऊंगा।' - यह डायलॉग निश्चित तौर पर हमें घुसपैठियों के खिलाफ चार्ज देगा।

**हम मर्द हैं जसकीरत :** 'हम मर्द हैं जसकीरत; पैदा होने से मरने तक हमारा फर्ज है लड़ना।' - यह डायलॉग हीरो को देश के प्रति उसकी जिम्मेदारी का अहसास कराता है।

**इस दुनिया में हर किसी की कीमत होती है :** 'इस दुनिया में हर किसी की कीमत होती है; वफादार की थोड़ी ज्यादा।' - धुरंधर 2 का ये डायलॉग दुनिया की हकीकत बताता है।

**जिंदा रखके तड़पने में :** 'जिंदा रखके तड़पाने में जो मजा है वो मौत में कहां।' - यह डायलॉग दिखाता है कि जब एक एजेंट देश की रक्षा के लिए ड्यूटी पर होता है तो उसे दुश्मन के प्रति किस तरह क्रूर होना पड़ता है।

**अब पाकिस्तान का मुस्तखबिल :** 'अब पाकिस्तान का मुस्तखबिल हिंदुस्तान तय करेगा।' - यह डायलॉग दिखाता है कि खुफिया टीम की रणनीतियों की मदद से देश अब पड़ोसी राष्ट्र पर शासन करने के लिए तैयार है।

## श्रद्धा, विश्वास और भावनाओं का सुंदर संगम हैं ये बॉलीवुड सॉन्ग्स

# ओ शेरोंवाली इन गानों के बिना अधूरा है नवरात्रि का उत्सव

***नई दिल्ली।*** *नवरात्रि का समय आते ही बॉलीवुड के कई भक्ति गीत अपने आप याद आ जाते हैं। नवरात्रि के दौरान जब पूरे देश में माता रानी की भक्ति का माहौल बनता है, तब बॉलीवुड के कुछ खास भजन अपने आप हर पंडाल, मंदिर और जागरण में सुनाई देने लगते हैं। ये गाने सिर्फ म्यूजिक नहीं, बल्कि श्रद्धा, विश्वास और भावनाओं का एक सुंदर संगम होते हैं।*

### ओ शेरोंवाली

फिल्म सुहाग का यह भजन नवरात्रि का खास गाना बन चुका है। इस गाने में माता रानी की शक्ति और उनके आशीर्वाद का गुणगान किया गया है। इसकी धुन इतनी जोशीली है कि यह भजन अक्सर जागरण और पंडालों में माहौल को भक्तिमय बना देता है।

### चलो बुलावा आया है

अवतार फिल्म का यह भजन माता के दरबार जाने की आस्था को बहुत खूबसूरती से दर्शाता है। 'बुलावा' शब्द ही इस गाने की जान है, जो यह भावना देता है कि जब माता रानी बुलाती हैं, तभी भक्त उनके दरबार तक पहुंचता है।



**मां शेरावालिये तेरा शेर आ गया :** अक्षय कुमार, रवीना टंडन और रेखा की फिल्म 'खिलाड़ियों का खिलाड़ी'का गाना 'मां शेरावालिये तेरा शेर आ गया' काफी पॉपुलर है। नवरात्रि के टाइम पर किसी पंडाल में ये गाना ना चले, ऐसा हो ही नहीं सकता।

### तूने मुझे बुलाया शेरांवालिये

फिल्म आशा का यह भजन भक्त और माता के बीच गहरे संबंध को दर्शाता है। ये गाना नवरात्रि के टाइम पर काफी सुना जाता है।

### जय अम्बे जगदम्बे मां

फिल्म क्रांतिवीर से नाना पाटेकर और डिंपल कपाड़िया का 'जय अम्बे जगदम्बे मां' सबसे चर्चित गानों में से एक है। यह भी नवरात्रि में काफी सुना जाता है।

### दुर्गा है मेरी मां

फिल्म क्रांति का 'दुर्गा है मेरी मां' भजन लगभग सभी को याद होगा। इसके बिना नवरात्रि अधूरी सी लगती है।

## खबर संक्षेप

### कल तक होगा कोषालय में बिल जमा

**सारंगढ़।** छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त विभाग से जारी निर्देश के पालन में जिला कोषालय अधिकारी उत्तम तुरकाने ने जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी को पत्र जारी कर कहा है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के समस्त देयको को जिला कोषालय में अंतिम तिथि 25 मार्च तक ऑनलाइन जमा करें।

### छात्रवृत्ति के लिए अंतिम तिथि 27 मार्च

**सारंगढ़।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अध्ययनरत विद्यार्थियों को सूचित किया गया है किए वे शिक्षा सत्र 2025-26 के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति छात्रवृत्ति के लिए विभागीय पोर्टल पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन में नवीनीकरण और नवीन आवेदन 27 मार्च तक जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद शिक्षा सत्र 2025-26 के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति छात्रवृत्ति के लिए विभागीय पोर्टल को बंद किया जाएगा। छात्रवृत्ति हेतु पात्रता अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों के पालक की आय सीमा रूपए 2.50 लाख और अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आय सीमा 1 लाख रूपए प्रतिवर्ष होना चाहिए।

### कलेक्टर ने ली अधीक्षकों की समीक्षा बैठक

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के आश्रम बालक एवं बालिका छात्रावास अधीक्षकों की बैठक लेकर आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के कार्यों का समीक्षा किया गया। बैठक में सहायक आयुक्त बद्री सुखदेवे, डिप्टी कलेक्टर शिक्षा शर्मा उपस्थित थीं। कलेक्टर ने आश्रम, छात्रावास में प्रवेशित सीट के आधार पर शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आश्रम छात्रावास में बच्चे रहेंए पालक की तरह सेवाभाव से व्यवस्था और प्रयास किया जाए और पालकों की प्रत्येक माह बैठक ली जाए। बच्चों को संस्था में रहने के संबंध में पालको से नियमित रूप से बात बातचीत किया जाए। छात्राओं को उनके माता.पिता एवं भाई के साथ ही भेजा जाए साथ ही बालिकाओं के सुरक्षा के लिए खिड़की दरवाजा में पर्दे किया जाए और नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधीक्षक अपने मुख्यालय में अनिवार्य रूप से रहे और यदि निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए तो उनके विरुद्ध कार्रवाई होगी।

### 5 करोड़ 20 लाख की लागत से बनेगा कॉलेज भवन

**देवरी-सारागांव।** नगर पंचायत सारागांव के उरैहा खार स्थित एफसीआई गोदाम के पास लगभग पांच एकड़ भूमि पर नवीन महाविद्यालय भवन निर्माण के लिए विधिवत भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस महाविद्यालय भवन का निर्माण लगभग 5 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत उपस्थित रहे। वहीं अति विशिष्ट अतिथियों में कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत एवं पामगढ़ विधायक श्रीमती शेषराज हरवंश शामिल रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जांजगीर-चांपा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, जांजगीर-चांपा विधायक व्यास कश्यप, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

### निधन...

#### चन्द्रभान पटेल



**रायगढ़।** ग्राम पड़ीगांव पुसौर निवासी चंद्रभान पटेल का बीते 15 मार्च को निधन हो गया। अत्यंत ही सहज सरल एवं व्यवहार कुशल व्यक्तित्व के धनी सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों के अग्रणी व्यक्ति तथा अंचल में एक प्रतिष्ठित नागरिक के रूप में सुपरिचित चंद्रभान गौटिया के निधन से पुसौर पड़ीगांव क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।

### विद्युत कार्यालय का घेराव किया तब जाकर अधिकारियों ने सुनी बात

# किसानों ने विद्युत विभाग की निकाली शव यात्रा, लो वोल्टेज से हैं परेशान




बिजली विभाग का शव यात्रा निकालते और धरने पर बैठे किसान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

क्षेत्र में लो वोल्टेज और अघोषित विद्युत कटौती से परेशान किसानों ने सोमवार को विद्युत विभाग का शव यात्रा निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने सरकार और बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी समस्याओं के समाधान की मांग किया। किसानों का कहना है कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति लगातार बाधित हो रहा है। जहां बिजली मिल भी रहा है वहां वोल्टेज इतना कम है कि सिंचाई के लिए लगाए गए मोटर पंप ठीक से नहीं चल पा रहा है। इसका सीधा असर खेतों में खड़ी फसलों पर पड़ रहा है।

किसानों का आरोप है कि पानी की कमी के कारण उनके फैसले सूखने लगी है, और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रदर्शन में शामिल किसानों ने बताया कि इस समय खेतों में सिंचाई बहुत जरूरी है, लेकिन बिजली की समस्या के कारण हम अपने खेतों में पानी नहीं पहुंच पा रहे हैं।

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला व रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सरिया क्षेत्र में लो वोल्टेज और लगातार हो रही बिजली कटौती से परेशान किसान आज सामुदायिक भवन माली समाज सरिया से विद्युत विभाग सरिया का शव यात्रा निकालकर महात्मा गांधी चौक, अटल चौक होते हुए विद्युत कार्यालय पहुंचा। जहां गेट के पास पुलिस ने शव यात्रियों से अर्थी को छीनकर अपने कब्जे में ले लिया ।इसके बाद किसानों ने विद्युत कार्यालय का घेराव किया। किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर तहसीलदार कोमल साहू एथाना प्रभारी प्रमोद यादवए विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। तथा विद्युत कार्यालय को बैरिकेड लगाकर सुरक्षा व्यवस्था किया गया था। प्रशासन ने स्थिति को शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी थी।

#### मिला आश्वासन

अधिकारियों ने किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनने का प्रयास भी किया और किसानों को आश्वासन दिया गया कि आने वाले दिनों में विद्युत आपूर्ति एवं लो वोल्टेज की समस्या दूर होगी। तत्पश्चात किसानों ने अपना आंदोलन खत्म किया। किसानों ने बताया कि इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। किसानों का कहना है की खेती पूरी तरह बिजली और पानी पर निर्भर है ।यदि बिजली की समस्या बनी रही तो उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। इसलिए प्रशासन से वे बार.बार निवेदन कर रहे हैं। इसके बाद भी प्रशासन की मनमानी से किसान परेशान हैं। आज प्रदर्शन के दौरान किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि इसके बाद भी व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वह आंदोलन को और तेज करेंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

#### उग्र आंदोलन की चेतावनी

सरिया क्षेत्र में अघोषित विद्युत कटौती एवं लो वोल्टेज की समस्या को लेकर आज आंतरिक किसान संघ सरिया के द्वारा विद्युत विभाग सरिया का शव यात्रा निकालकर कार्यालय का घेराव किया गया इस दौरान अधिकारियों ने समस्या समाधान का आश्वासन दिया है यदि शीघ्र ही समस्या समाधान नहीं हुआ तो आगे और आंदोलन किया जाएगा।

**मोहन पटेल, अध्यक्ष आंचलिक किसान संघ**


#### किसानों के समस्या का निराकरण किया जाएगा

आंचलिक किसान संघ ने विद्युत कार्यालय का घेराव किया था। अधिकारियों के आश्वासन के बाद किसानों ने अपना धरना प्रदर्शन खत्म किया। उन्हें आश्वासन दिया गया है कि उनके समस्या का समाधान किया जाएगा।

**कोमल साहू**
**तहसीलदार**

## चंदली मांड नदी पुल में तैरती मिली युवक की लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर



चंद्रपुर थाना क्षेत्र से लगे ग्राम पंचायत चंदली स्थित मांड नदी पुल में सोमवार सुबह एक युवक की लाश तैरते मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सुबह जैसे ही लोगों ने पुल के नीचे नदी में शव को देखा, इसकी खबर आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। पुल के ऊपर से लोगों की लंबी कतार लग गई और हर कोई इस घटना को लेकर तरह तरह की चर्चाएं करता नजर आया।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान रायगढ़ जिले के चक्रधर नगर निवासी सागर टंडन 17 पिता बंसीलाल टंडन के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि युवक 21 मार्च की शाम घर से मंदिर दर्शन के लिए निकला था, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों द्वारा उसकी तलाश की जा रही थी, इसी बीच सोमवार सुबह उसकी मौत की खबर ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। सोमवार सुबह चंदली के मांड नदी पुल के पास कुछ ग्रामीणों ने युवक का शव नदी में तैरते हुए देखा। पहले तो लोगों को विश्वास नहीं हुआ, लेकिन नजदीक जाकर देखने पर स्थिति स्पष्ट हो गई। इसके बाद तत्काल इसकी सूचना चंद्रपुर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला गया। घटना के बाद पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर पंचनामा कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में किसी स्पष्ट कारण का पता नहीं चल पाया है। युवक की मौत दुर्घटना, आत्महत्या या किसी अन्य कारण से हुई है, इसको लेकर अभी स्थिति साफ नहीं है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच में जुटी हुई है।

### आरटीई में ऑनलाइन आवेदन 31 मार्च तक, जरूरतमंद और पात्र छात्रों को नर्सरी से बारहवीं तक मिलेगा शिक्षा

**सारंगढ़।** शिक्षा का अधिकार आरटीई के तहत छत्तीसगढ़ के सभी गैर अनुदान प्राप्त और गैर अल्पसंख्यक प्राइवेट स्कूलों के प्रारंभिक कक्षाओं में 25 प्रतिशत सीट दुर्बल और असुविधाग्रस्त परिवार के बच्चों के लिए आरक्षित होता है। जरूरतमंद और पात्र छात्रों को नर्सरी से क्लास बारहवीं तक निःशुल्क शिक्षा दिया जाता है इसके लिए ऑनलाइन आवेदन 31 मार्च 2026 तक जमा किये जा सकते हैए जिसका वेबसाईट आरटीई डॉट सीजी डॉट एन आई सी डॉट इन है। इस अधिनियम के तहत 3 से 6) वर्ष तक के बच्चे किसी भी प्राइवेट स्कूल के प्रारंभिक कक्षा मे प्रवेश ले सकते है। आवेदन पत्र ऑनलाइन भरने के लिए पासपोर्ट फोटो, आधार कार्ड, जाति, निवास जैसे कई दस्तावेज पालक की होनी चाहिए।

## रोड से उपर बहते पानी में बन रही नाली



**पुसौर।** पुसौर में जितने भी नालियों का निर्माण हुआ है उसमें से कुछ रिहाइसी इलाके को छोडकर बाकी नालियां बंद हो चुकी हैं। चूंकि उसका सफाई एवं मरम्मत का कार्य नहीं हो रहा है वहीं उसका बनावट ही ऐसा है कि वह दिनों दिन धंसते जा रहा है। बिना उपयोग पड़ा हुआ है इसके बावजूद भी नालियों का निर्माण बदस्तुर जारी है। जानकारी के मुताबिक नगरीय रिकायों के विकास के लिए प्रत्येक नए शासन काल में नालियों के निर्माण के लिए राशि स्वीकृत होती है उस तारतम्य में इन दिनों नालियों का निर्माण हो रहा है।

बताया जाता है कि इसमें जहां भी नाली निर्माण हो रहा है वह धरातल से उपर हो रहा है और वहीं समानान्तर में नहीं है। ऐसी स्थिति में पानी का बहाव ठीक से नहीं हो सकता। पिछले समय में बोरोडिपा के चौक से कोसमंदा की ओर दोनो साईड नाली बना है जो नियमित और पारा लेबल को देखे बगैर बनाये जाने तथा धरातल से उपर बनाए जाने से रोड का पानी नाली में न जाकर रोड में ही बहता रहा है। बोरोडिपा चैक से भाठिया कालोनी तक बने नालियों की स्थिति देखा जाए तो यह बहुत जगह पट चुका हैं और जहां नहीं पटा है वहां गंदा पानी ठहरा हुआ है जिसके कारण लोगों को संक्रमण बिमारी का शिकार होना पड रहा है। इन दिनों बाजार चौक से गैस गोदाम तक नाली बना हुआ है जिस पर क्षेत्रीय पार्षद ने गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए नाली निर्माण को अंजाम देने की बात कही थी बावजुद इसके कई जगह ऐसा है कि रोड का पानी नाली में नहीं जा सकता चूंकि नाली रोड से उपर है।

### कीर्तन देखने गए श्रद्धालु का मोटर साइकिल पार

**पुसौर।** पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम केसेईपाली में कीर्तन का आयोजन हुआ था जिसमें आसपास के श्रद्धालु जन तथा कीर्तन के शौकीन लोगों का भीड़ उमड़ा। इस भीड़ में मोटर साइकिल चोरी होने की जानकारी मिली है। पीड़ित ने पुसौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। जानकारी के मुताबिक ग्राम अमलीपाली के रक्षपाल ने भी अपने मित्र के साथ उक्त कीर्तन देखने गया था जहां वह अपने उक्त मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 13 एच एल 8796 को एक खलिहान में रखा था कि वहां से चोर ने पार कर दिया है।



## घरघोड़ा में अकीदत और भाईचारे के साथ अदा की गई ईद की नमाज



■ 3 हजार से अधिक मुस्लिमों ने मांगी अमन-चैन की दुआ

**घरघोड़ा।** बस स्टैंड स्थित कारगिल चौक के समीप ईदगाह में आज सुबह 9 बजे ईद-उल-फितर की नमाज पूरे धार्मिक उत्साह, अकीदत और अनुशासन के साथ अदा की गई। नमाज में घरघोड़ा, तमनार सहित आसपास के क्षेत्रों से आए 3 हजार से अधिक मुस्लिम समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सुबह से ही ईदगाह परिसर में रौनक देखने को मिली। लोग नए कपड़ों में, बच्चों के साथ नमाज अदा करने पहुंचे। नमाज के दौरान इमाम द्वारा मुल्क में अमन-चैन, भाईचारे, तरक्की और खुशहाली के लिए विशेष दुआएं कराई गईं।

नमाज के बाद ईदगाह का दृश्य आपसी प्रेम और एकता का प्रतीक बन गया, जहां लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर "ईद मुबारक" दी। इस दौरान छोटे-बड़े, अमीर-गरीब सभी वर्गों के लोग एक साथ नजर आए, जो समाज में समानता और भाईचारे का संदेश देता है। नमाज अदा करने के पश्चात बड़ी संख्या में लोग कब्रिस्तान पहुंचे, जहां उन्होंने अपने पूर्वजों को याद करते हुए फातिहा पढ़ी और अगरबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। यह परंपरा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि अपने बुजुर्गों के प्रति सम्मान और उनकी यादों को संजोए रखने का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके बाद लोग अपने-अपने घरों को लौटे, जहां सेवइयों और विभिन्न पकवानों के साथ ईद का त्योहार पूरे हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। घरों में मेहमानों का आना-जाना लगा रहा और बच्चों में ईदी को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।इस दौरान स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। प्रशासन की मुस्तैदी और सहयोग के चलते पूरा आयोजन शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ।

#### त्याग, संयम और भाईचारे का पर्व

ईद-उल-फितर इस्लाम धर्म का एक प्रमुख और पवित्र त्योहार है, जो रमजान महीने के समाप्त होने पर मनाया जाता है। रमजान के पूरे महीने में मुस्लिम समाज के लोग रोजा रखकर इबादत, संयम, आत्मनियंत्रण और मानवता की भावना का पालन करते हैं। रोजा केवल भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं है, बल्कि यह अपने विचारों, व्यवहार और आचरण को शुद्ध करने का माध्यम भी है। ईद का दिन अल्लाह के प्रति शुक्रिया अदा करने और इस आध्यात्मिक यात्रा की पूर्णता का प्रतीक माना जाता है। इस दिन जकात और फितरा देकर जरूरतमंदों की मदद की जाती है, ताकि समाज के हर वर्ग के लोग इस खुशी में शामिल हो सकें।

## जंगल में फड़, 4 आरोपी गिरफ्तार, 71 हजार जब्त



**सारंगढ़।** थाना सरसींवा पुलिस ने जुआरियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 71 हजार नगद जब्त किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने ग्राम अमलीडीह के जंगल में दबिश दी। पुलिस को देखते ही कुछ लोग मौके से फरार हो गए, जबकि चार आरोपियों को पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में विजय बंजारे 37 निवासी अमलीडीह, बृजलाल रत्नेश निवासी मुडपार, हेमलाल पटेल 63 निवासी गाताडीह और राजू जागड़े 42 वर्ष निवासी हसौद जिला सक्ती शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3(2) के तहत मामला दर्ज कर विधिवत कार्रवाई की है।

## एनटीपीसी ने आरमुडा के प्राइमरी स्कूल में मनाया वर्ल्ड वॉटर डे



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आरमुडा गांव, रायगढ़, छत्तीसगढ़ अरमुडा गांव का प्राइमरी स्कूल 20 मार्च, को मकसद और रंगों से भर गया, जब एनटीपीसी लारा ने अपने कैंपस में एक खास वर्ल्ड वॉटर डे सेलिब्रेशन ऑर्गनाइज़ किया।

एनटीपीसी लारा की एनवायरनमेंट मैनेजमेंट ग्रुप ईएमजी टीम ने इस इवेंट को होस्ट किया, जिसमें एक असरदार अवेयरनेस प्रोग्राम के साथ क्लास V तक के स्टूडेंट्स के लिए एक जोशीला ड्राइंग कॉम्पिटिशन भी था जिससे यह मौका एक एजुकेशनल माइलस्टोन और एक ज़रूरी मकसद की सेवा में युवाओं की क्रिएटिविटी का खुशी का सेलिब्रेशन बन गया। हर साल 22 मार्च को दुनिया भर में मनाया जाने वाला वर्ल्ड वॉटर डे 2026, फ्रेशवॉटर कंजर्वेशन और दुनिया के वॉटर इकोसिस्टम की सुरक्षा की थीम पर आधारित है। इसी भावना के साथ, एनटीपीसी लारा ने अरमुडा गांव के स्कूल को अपने आउटरीच का सेंटर चुना, यह मानते हुए कि बच्चों में पानी के बारे में जागरूकता बढ़ाना एक कम्युनिटी का सबसे टिकाऊ इन्वेस्टमेंट है।

#### कंजर्वेशन के रंगों में रंगा स्कूल

पहली घंटी बजने से बहुत पहले, एनटीपीसी ईएमजी टीम ने स्कूल को जागरूकता के एक जीवंत हब में बदल दिया था। हिंदी और इंग्लिश में पानी बचाने के नारे वाले बैनर और पोस्टर क्लासरूम और स्कूल के आंगन में लगाए गए थे।

## बरमकेला के कान्दुरपाली में मना विश्व जल दिवस



**सारंगढ़।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत विकासखंड बरमकेला के ग्राम पंचायत कान्दुरपाली में रविवार को विश्व जल दिवस का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से शुरू होकर विश्व जल दिवस तक चलने वाले इस जल महोत्सव में जल वाहनियों एवं पंप ऑपरेटरों की भूमिका महत्वपूर्ण रही। छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जल संरक्षण, सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल के प्रति लोगों को जागरूक किया गया, जिसमें ग्राम की महिलाओं, स्व सहायता समूह की सदस्यों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और जनप्रतिनिधियों ने अपने उद्बोधन में जल के महत्व पर प्रकाश डाला। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडे ने उपस्थित सभी को जल शपथ दिलाया। जल महोत्सव हर घर जल अर्पण में ग्राम पंचायत सरपंच को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर हस्तांतरित किया गया। विश्व जल दिवस पर जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, जल स्त्रोतों की स्वच्छता तथा जल का विवेकपूर्ण उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

